मैया मेरी विनती

मैया मेरी विनती कबूल करना
अमर हमारा सुहाग रखना

मैया के सिर पर मुकट सजा है
मुकट सजा है हीरे मोती से जड़ा है
मेरे भी टीके की लाज रखना
अमर हमारा सुहाग रखना

मैया का माथे पर बिंदिया सजी है,
बिंदिया सजी है चम चम चमकी है
मेरे सिन्धुर की लाज रखना
अमर हमारा सुहाग रखना

मैया के अंग पर चोला सजा है,
चोला सजा है गोटा चांदी से सजा है
मेरे भी चुनडी की लाज रखना
अमर हमारा सुहाग रखना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19735/title/maiya-meri-vinti-kabul-karna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |